**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 14-03-2007**

**Participants : Mohale Shri Punnulal**

>

Title: Need to accord sanction for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Chhattisgarh.

**श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर)** : अध्यक्ष महोदय, पूरे देश में जो प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत रोड बन रहे हैं, डामरी रोड जो बनाई जा रही है, मैं उस रोड की दुर्दशा के बारे में बोलूंगा। जो ठेकेदार हैं, वे ठेका लेते हैं और पांच साल का गारंटी फार्म भरते हैं। जिस रोड में गड्ढे हो गए, रोड खराब हो गई, एक-दो साल के बीच में 15 प्रतिशत राशि जमा कराई जाती है, परन्तु अभी तक छत्तीसगढ़ राज्य और बिलासपुर जिले में अधिकतर रोड और अन्य छत्तीसगढ़ में कुछ रोड एक-एक, दो-दो साल से खराब हो गए हैं। क्वेरी से गिट्टी दी जाती है, उसकी जो ढुलाई करनी चाहिए, वहां से न करके स्थानीय क्वेरी से ढुलाई कर रहे हैं, जिससे कमजोर रोड बन रहे हैं, जो एक साल में खराब हो जाते हैं, बर्बाद हो जाते हैं और चलने लायक नहीं रहते। ऐसे ठेकेदारों का ठेका समाप्त किया जाए।

महोदय, मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि जहां क्वेरी है, वहां से गिट्टी, बोल्डर और पत्थर निकाले जाएं और वे अच्छे रोड बनाए जाएं। पिछले समय की जो प्रस्तावित रोड है, उनमें कम से कम तीस रोडों को और छत्तीसगढ़ में कम से कम पचास रोडों को, जहां एक हजार से कम जनसंख्या है, जो नीतिगत है, जब दो हजार जनसंख्या वाली रोड को बनाया जाता है तो एक हजार से कम जनसंख्या वाली रोड का जो प्रस्ताव राज्य सरकार ने भेजा है, उसे केन्द्र सरकार ने कैंसिल कर दिया है। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि ऐसे जो रोड हैं, जो रोड प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत आते हैं, राज्य सरकार नियम ए वं प्रक्रिया का पालन कर रही है, लेकिन उन्हें समय पर राशि नहीं मिलती। जिस रोड की स्वीकृति हुई है, उसका ठेका नहीं हुआ है, इसलिए इस रोड का निर्माण भी नहीं किया जा रहा है। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से पुन: अनुरोध करूंगा कि इन रोडों का जिस तरह से अन्य राज्यों में है, इस पर केन्द्र सरकार ध्यान दे कि इस पर सही ढंग से क्वेरी हो और गड्ढे वाली रोड की मरम्मत की जाए। राज्य सरकार से जो प्रस्ताव आया है, उसे पास किया जाए और जो पूर्व में रोड पास हो गए हैं, उनका टैंडर बुलाया गया है, जो ठेकेदार रोड को नहीं बनाते, उनकी ठेकेदारी समाप्त की जाए, जिससे अच्छी रोड बने और जो प्रधानमंत्री सड़क योजना पूर्व में लागू की गई है, उसे यथावत रखा जाए।...(व्यवधान) अधिक से अधिक रोडों की स्वीकृति दी जाए।

MR. SPEAKER: It was agreed in the Leaders Meeting that only five matters of urgent public importance would be allowed to raise at this time. You all endorsed that decision. I have already allowed eighteen matters. Other matters will be taken up at the end of the day.